आकाशवाणी केन्द्र शिमला
03.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि अमरीका के साथ भारत का ऐतिहासिक व्यापार समझौता निरंतर धैर्य का परिणाम है। प्रधानमंत्री ने आज नई दिल्ली में संसदीय दल की बैठक में एनडीए सांसदों को संबोधित करते हुए कहा कि इस व्यापार समझौते ने एक अनुकूल आर्थिक वातावरण बनाया है और वैश्विक व्यापार वार्ताओं के प्रति सरकार के सुसंगत और संतुलित दृष्टिकोण को दर्शाया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने टैरिफ की आलोचना की, लेकिन सरकार ने धैर्य बनाए रखा और इसके परिणाम अब स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि विश्व व्यवस्था बदल रही है और इसका झुकाव तेजी से भारत की ओर हो रहा है।

दुर्घटना

उत्तराखंड में देहरादून जिले के कालसी क्षेत्र में आज हिमाचल पथ परिवहन निगम की एक बस के खाई में गिरने से चार लोगों की मृत्यु हो गई और 12 अन्य घायल हो गए। जिला प्रशासन और पुलिस के दल राहत और बचाव कार्य में लगे हैं। घायलों को विकासनगर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एचआरटीसी के नेरवा डिपो की ये बस चौपाल से पांवटा साहिब जा रही थी। बस में लगभग 35 यात्री सवार थे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने दुर्घटनास्थल के करीब वाले सभी चिकित्सा केंद्रों को अलर्ट पर रखने के निर्देश दिये हैं।

रणधीर शर्मा

प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी व विधायक रणधीर शर्मा ने कहा है कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा वित्त वर्ष 2026–27 के लिए प्रस्तुत बजट प्रधानमंत्री के विकसित व आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने का मजबूत आधार है। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ये बजट परम्परागत लोक लुभावन घोषणाओं वाला नहीं बल्कि सुधारवादी व दूरदर्शी बजट है। रणधीर शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों व निर्णायक नेतृत्व से आज भारत विश्व की चौथी आर्थिक शक्ति बन चुका है।

मौसम

प्रदेश में बीते तीन दिनों के दौरान हुई बर्फबारी और वर्षा से राज्य में शीतलहर का प्रकोप जारी है। राज्य के आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर न्यूनतम तापमान जमाव बिंदू से नीचे बना हुआ है और अधिकतम व न्यूनतम तापमान में सामान्य से कम दर्ज किया जा रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने कहा कि आज राज्य के मध्यम व अधिक उंचाई वाले कुछ स्थानों पर वर्षा व बर्फबारी हो सकती है जबकि 4 फरवरी से मौसम में सुधार आने की संभावना है। मौसम विभाग ने लाहौल स्पीति में हिमस्खलन की चेतावनी भी जारी की है।

उधर चंबा जिला के जनजातीय क्षेत्र पांगी और भरमौर सहित अन्य दूरदराज के इलाकों में अभी भी जनजीवन पूरी तरह पटरी पर नहीं लौट पाया है। उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने कहा कि जिले के दो प्रमुख मार्ग चंबा–चुवाड़ी और खजियार–डलहौजी सहित कई अन्य सड़कें बंद हैं, जिन्हें खोलने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने लोगों को बेवजह यात्रा न करने की भी सलाह दी है।

सड़क बंद

राजधानी शिमला की संजौली ढली बाईपास सड़क सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही के लिए बंद कर दी गई है। इस सड़क पर आज चलौंठी के पास एक बड़ा गड्ढा बन जाने के कारण इस सड़क पर यातायात बंद कर दिया गया है। इस गड्ढे के कारण कुछ मकानों में भी दरारें आ गई हैं। ये घटना फोरलेन सड़क के लिए बन रही सुरंग के कारण हुई बताई जा रही है।

बहिष्कार

चंबा शहर के मोहल्ला ओबड़ी के लोगों ने निकट भविष्य में नगर पालिका और विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करने का फैसला किया है। इन लोगों ने ये फैसला सरकार और प्रशासन द्वारा मोहल्ला ओबड़ी में बुनियादी सुविधाओं की लंबे समय से अनदेखी के विरोध में लिया है। मोहल्ला ओबड़ी के लोगों का आरोप है कि सड़क, सीवरेज और अन्य मूलभूत सुविधाओं को लेकर कई बार की शिकायतों के बावजूद सरकार अथवा प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाए हैं। ऐसे में खराब सड़कों और अधूरी सीवरेज व्यवस्था से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

———————————